CRPF स्थापना दिवस

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

27 जुलाई को [केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF)](#) **का स्थापना दिवस मनाया जाता है।**

- **स्थापना और विकास:**
  - CRPF की स्थापना **वर्ष 1939 में** रियासतों में राजनीतिक उथल-पुथल और अशांति के जवाब में **क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस** के रूप में की गई थी।
  - वर्ष 1949 में इस बल का नाम बदलकर **केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल** कर दिया गया।
  - **तत्कालीन गृह मंत्री** [सरदार वल्लभ भाई पटेल](#) ने इस पुलिस बल के लिये एक बहुआयामी भूमिका की कल्पना की, इसके कार्यों को एक नए स्वतंत्र राष्ट्र की उभरती ज़रूरतों के साथ जोड़ा।
- **मुख्य भूमिकाएँ और ज़िम्मेदारियाँ:**

- **विशेष इकाइयाँ:**
  - CRPF में कई विशेष इकाइयाँ हैं, जिनमें [रैपिड एक्शन फोर्स (RAF), कमांडो बटालियन फॉर रिज़ोल्यूट एक्शन (CoBRA)](#), **VIP सुरक्षा विंग और महिला बटालियन** शामिल हैं।
- **उपलब्धियाँ और योगदान:**
  - बल ने महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय स्थलों पर हमलों को विफल किया है, **पंजाब और त्रिपुरा में उग्रवाद को नियंत्रित किया** तथा [नक्सलवाद](#) **के उन्मूलन** में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।
- **बहादुर जवानों का सम्मान:**
  - CRPF ने भारी कीमत चुकाई है, जिसके **2,255 जवानों** ने सर्वोच्च बलिदान दिया और उन्हें [जॉर्ज क्रॉस](#), [अशोक चक्र](#), [कीर्ति चक्र](#)

, [शौर्य चक्र]() आदि अलंकरणों से सम्मानित किया गया।



और पढ़ें: [केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल सुधार]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/crpf-foundation-day